दिन– शनिवार | दिनांक– 29/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव महागठबंधन विधायक दल के नेता चुने गए। सर्वसम्मति से हुआ फैसला।

03. खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा – राजगीर क्रिकेट स्टेडियम में जल्द होगा अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने दो हजार छब्बीस का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी किया। दो फरवरी से इंटरमीडिएट और सत्रह फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा होगी शुरू।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की एक सौ अट्ठाईसवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कल रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र उन्नीस दिसंबर तक चलेगा।

---

अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र एक दिसम्बर से पांच दिसम्बर तक चलेगा। इस सत्र से विधानसभा के सभी कार्य पेपरलेस हो जायेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक अपनी मेज पर लगे टैब से ही प्रश्न और पूरक प्रश्न पूछ सकेंगे। नेवा योजना के तहत विधान परिषद के बाद विधानसभा की कार्यवाही में भी कागज के उपयोग को समाप्त किया जा रहा है। इधर, पांच दिवसीय सत्र के दौरान विधानसभा भवन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किये गये हैं। पटना सदर के अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार ने विधानसभा के आस–पास भीड़ इकठ्ठा होने, प्रदर्शन, जुलूस और नारेबाजी पर रोक लगा दी है।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को महागठबंधन विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। पटना में महागठबंधन की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। बैठक में एक दिसम्बर से होने वाले अठारहवीं विधानसभा के प्रथम सत्र के दौरान विपक्ष की रणनीति पर भी चर्चा की गयी। राजद के वरिष्ठ नेता और मनेर से नवनिर्वाचित विधायक भाई वीरेन्द्र ने बताया कि आगामी सत्र के दौरान विपक्ष एकजुटता के साथ जनहित के प्रश्नों को सदन में उठाएगा।

———बाइट———

कांग्रेस नेता समीर कुमार सिंह ने बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि महागठबंधन एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। सीपीआईएम के अजय कुमार ने कहा कि विपक्ष सशक्त भूमिका निभाने के लिए तैयार है। महागठबंधन की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि संख्याबल भले ही कम हो, लेकिन आत्मबल कम नहीं हुआ है।

———बाइट———

बैठक में राजद के पच्चीस और कांग्रेस, वाम दल और आईआईपी के सभी नवनिर्वाचित विधायक शामिल हुए।

---

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में एक दिसम्बर को पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक पटना स्थित प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने बताया कि सभी जिलाध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों और मोर्चा– संगठनों के प्रमुखों को इस बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने को कहा गया

है। बैठक का मुख्य एजेंडा विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद प्रदेश इकाई में मची खींचतान पर चर्चा और आगामी योजनाओं, कार्यक्रमों पर विचार विमर्श करना है।

———————————————————————

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि नई सरकार बिहार को सजाने और संवारने की तैयारी कर रही है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने संकतों में कहा कि कांग्रेस विधायकों की पेरशानी का हल संभव है।

———बाइट———

———————————————————————

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने दोहराया है कि राज्य में नई सरकार दो प्राथमिकताओं पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध पर पूर्ण नियंत्रण और युवाओं को अधिक से अधिक रोज़गार दिलाने के लिए प्रयास तेज कर दिये गए हैं।

———बाइट———

———————————————————————

भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा है कि भारत एक तेजी से बढ़ती आर्थिक व्यवस्था है और सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए देश सक्षम है। बेतिया में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि की रफ्तार से देश विकसित राष्ट्र बनेगा।

———बाइट———

———————————————————————

खेल–सह सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि राज्य में मेडल लाओ–नौकरी पाओ योजना के तहत खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सुश्री सिंह ने आज आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कहा कि राजगीर क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द पूरा होने के बाद यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजित करने के लिए बीसीसीआई से संपर्क किया जाएगा।

———बाइट———

सुश्री सिंह ने सूचना प्रावैधिकी विभाग की जिम्मेदारियों की चर्चा करते हुए कहा है कि राज्य में कृत्रिम बुद्धिमता–एआई के व्यापक उपयोग के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन जगहों पर एआई सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना की जाएगी।

———बाइट———

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने दो हजार छब्बीस का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। दो फरवरी से इंटरमीडिएट और सत्रह फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि तेरह फरवरी तक इंटरमीडिएट की परीक्षा और पच्चीस फरवरी को मैट्रिक की परीक्षा संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में पहली बार एआई–चैटबॉट का प्रयोग किया जाएगा, जिससे छात्रों को परीक्षा से संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त होगी।

———बाइट———

---

नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने एयरबस ए–तीन सौ बीस श्रृंखला के विमानों की सभी उड़ानों पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिये हैं। एयरबस ए–तीन सौ अठारह, ए–तीन सौ उन्नीस, ए–तीन सौ बीस और ए–तीन सौ इक्कीस विमानों की निर्धारित जाँच और सुधार प्रक्रिया पूरी होने तक विमानन कंपनियां इन विमानों की उड़ानें संचालित नहीं कर सकेंगी। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

डीजीसीए ने कहा कि कोई भी विमान आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा किए बिना उड़ान नहीं भर सकता इंडिगो और एयर इंडिया श्रेणी के 350 से अधिक विमानो का संचालन करती है। देश में मौजूद इन विमान के सॉफ्टवेयर को अपडेट करने के लिए कुछ समय के लिए इन्हें जमीन पर उतरना पड़ेगा, जिससे उड़ानों के संचालक पर असर पड़ सकता है वहीं एयर इंडिया ने कहा कि उसके इंजीनियरों ए–320 विमानों पर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर अपडेट का काम दुनिया भर में लगातार कर रहे हैं। एयर इंडिया ने बताया कि कुछ उड़ने थोड़ी देर से चल सकती हैं या उनके समय में बदलाव भी किया जा सकता है। कंपनी ने यात्रियों से एयरपोर्ट जाने से पहले उसकी वेबसाइट पर या फिर 011–69329333 और 0 1 1 69329999 पर उड़ान की ताजा स्थिति जांच लेने का अनुरोध किया है। यू.के. विश्वास की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करने तथा इसे और अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के लिए अपने सुझाव देने का आह्वान किया

है। ईसीआईनेट ऐप नागरिकों के लिए एकल एकीकृत ऐप है जो पहले के चालीस अलग–अलग चुनाव संबंधी अनुप्रयोगों और वेबसाइटों को समेकित करता है। सत्ताईस दिसम्बर तक लोग ऐप पर सबमिट ए सजेशन टैब का उपयोग करके सुझाव दे सकते हैं। आयोग ने कहा है कि सुझावों के आधार पर प्लेटफ़ॉर्म को और अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के लिए इसमें और सुधार किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने बताया कि ईसीआईनेट ऐप के परीक्षण संस्करण का उपयोग बिहार विधानसभा चुनाव दो हजार पच्चीस और हाल में हुए उपचुनावों के दौरान किया गया था।

———————————————————

प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों में मौसम शुष्क बना रहा। इस अवधि में औरंगाबाद राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, कई स्थानों पर कोहरे के कारण दृश्यता पर भी असर पड़ा। सबसे कम दृश्यता छह सौ मीटर पूर्णिया में दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के बाद विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में क्रमिक गिरावट होगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। वहीं, अधिकतर स्थानों पर सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर के कल्याण बिगहा में स्व. कविराज रामलखन सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

———————————————————

सहरसा रेलवे स्टेशन से कटिहार रेल पुलिस ने एक नाईजिरियन नागरिक को गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस अधीक्षक हरिशंकर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नाइजीरियन युवक के पास पासपोर्ट, वीजा और कोई भी वैधानिक डॉक्यूमेंट नहीं मिला था जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव महागठबंधन विधायक दल के नेता चुने गए। सर्वसम्मति से हुआ फैसला।

03. खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा – राजगीर क्रिकेट स्टेडियम में जल्द होगा अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने दो हजार छब्बीस का वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी किया। दो फरवरी से इंटरमीडिएट और सत्रह फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा होगी शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।